रौल नं०......................नाम परीक्षार्थी..............................................

XII-54 वार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 A

# नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा

समय – 3.00 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 50

नोट :– सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. निम्न प्रश्न-खण्डों में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:-

(क) ऑगबर्न और निमकॉफ ने परिवार को कितने वर्गों में बाँटकर वर्गीकृत किया है :– 1

(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) छः।

(ख) ईमानदारी से उपार्जित होने वाले गुण निम्न में से कौन–से हैं :– 1

(अ) साहस (ब) सूझ–बूझ

(स) विश्वास (द) उपर्युक्त सभी।

(ग) विद्यालय में प्रदान की जाने वाली शिक्षा में निम्न में से किस पर बल दिया जाता है :– 1

(अ) कौशल (ब) श्लाघा

(स) अवबोध (द) उपर्युक्त सभी।

(घ) महर्षि पतंजलि की पुस्तक है :– 1

(अ) योगशास्त्र (ब) योग और समाज

(स) योग सूक्त (द) योग और मानव।

(ङ) मूलाधार के प्रमुख देवता कौन हैं :– 1

(अ) विष्णु (ब) ब्रह्मा

(स) इन्द्र (द) कश्यप।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न, उत्तर सीमा 10 शब्द)

2. स्वामी विवेकानन्द जी की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 1
3. ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार टोलरेंस का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1
4. समाजीकरण से आप क्या समझते हैं? 1
5. परिवार के मनोवैज्ञानिक कार्य कौन–कौन से हैं? 1
6. समाज सेवा के प्रकारों के नाम बताइए। 1
7. 'जनरूढ़ि शब्द का प्रयोग किस समाज वैज्ञानिक ने किया था? 1
8. प्रदूषण कितने प्रकार के होते हैं? 1

(पृष्ठ पलटिए)

9. जॉन ड्यूवी द्वारा प्रस्तुत की गयी शैक्षिक परिवेश की परिभाषा दीजिए। 1

10. पर्यावरण को सामान्यतः कितने भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है? 1

11. 'सड़कें किसी देश की धमनियाँ और शिराएँ हैं'' यह कथन किसका है? 1

12. पारिस्थितिकी किन तत्वों को प्रदान करती है? 1

13. बच्चों के अधिकार-पत्र में बच्चों की प्रतिष्ठा व अभिव्यक्ति के अधिकारों का वर्णन कीजिए। 1

14. 'धारणा' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

15. अष्ट चक्र का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

16. महर्षि पतंजलि के विचार में योग क्या है? 1

(लघु उत्तरीय प्रश्न, उत्तर सीमा 150 शब्द)

17. डॉ. राधाकृष्णन् द्वारा दी गई नैतिकता की परिभाषा लिखिए। 2

18. सामाजिक पृष्ठभूमि पर सहिष्णुता का वर्णन कीजिए। 2

19. भारत में निरक्षरता उन्मूलन के मार्ग में आने वाली बाधाओं का वर्णन कीजिए। 2

20. ऑगबर्न व निमकॉफ द्वारा दी गई परिवार की परिभाषा दीजिए। 2

21. 'अहिंसा परमो धर्मः' की अवधारणा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। 2

22. समाज में शैक्षिक परिवेश का क्या स्थान है? 2

23. वनों से होने वाले लाभों का वर्णन कीजिए। 2

24. बाल अधिकार संरक्षण आयोग के कार्यों का वर्णन कीजिए। 2

25. नियम के पाँच भागों का वर्णन कीजिए। 2

26. विशुद्धि चक्र के बारे में बताइए। 2

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न, उत्तर सीमा 300 शब्द)

27. समाज में रूढ़ियों, कुप्रथाओं एवं अन्धविश्वास की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 5

अथवा

सहिष्णुता का अर्थ स्पष्ट करते हुए समाज में सहिष्णुता की पृष्ठभूमि पर टिप्पणी लिखिए।

28. योग का शरीर क्रियात्मक आधार बताइए। 5

अथवा

किशोरावस्था में सन्तुलित आहार के बारे में बताइए।